**बिहार सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**

# आदेश

अवर सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पीत पत्र सं०–3108 (S)We दिनांक–11.04.2025 से दिनांक–30.01.2025 को उड़नदस्ता जाँच मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराई गयी। उड़नदस्ता जाँच प्रतिवेदन में पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत चट्टी चौक से फेकला पथ (कि०मी० 0.00 से कि०मी० 6.050) पथ के $5^{th}$ कि०मी० में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य में प्रयुक्त Cement Concrete का Average Equivalent Cube Strength प्रावधान (407.888 $Kg/cm^2$) से काफी कम 276.6125 $Kg/cm^2$ पाये जाने का उल्लेख किया गया है। उक्त अनियमितता हेतु संवेदक Vidyarthi Construction Private Limited., (निबंधन सं0–1250053 श्रेणी–01) को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका–11 क (ii) के तहत काली सूची में डालने की अनुशंसा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक से विभागीय पत्रांक–7223(E)We, दिनांक–17.10.2025 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिसके आलोक में संवेदक के द्वारा उनके पत्रांक–शून्य दिनांक–13.11.2025 से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया, जिसमें उड़नदस्ता प्रमंडल सं०–4 के प्रारंभिक एवं अंतिम जँच प्रतिवेदन की माँग की गई। विभागीय पत्रांक–104(E)We, दिनांक–07.01.2026 से उक्त प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए पुनः स्पष्टीकरण की माँग की गई। संवेदक के द्वारा उनके पत्रांक–शून्य दिनांक–27.01.2026 से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया, जिसे समीक्षोपरान्त स्वीकार योग्य नहीं पाते हुए विभागीय कार्यालय आदेश ज्ञापांक–2338(E) दिनांक–07.04.2026 द्वारा संवेदक Vidyarthi Construction Private Limited., (निबंधन सं0–1250053 श्रेणी–01) को 10 (दस) वर्षों के लिए कालीकृत किया गया।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक–04.05.2026 से अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसपर दिनांक–13.07.2026 को सुनवाई की गई।

समीक्षोपरान्त पाया गया कि पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत चट्टी चौक से फेकला पथ (कि०मी० 0.00 से कि०मी० 6.050) पथ के $5^{th}$ कि०मी० में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य में प्रयुक्त Cement Concrete के Core का Average Crushing Strength 221.29 $Kg/cm^2$ पाया गया है, जो MoRTH के Section 900 के प्रावधान (M40 के लिए) 277.27 $kg/cm^2$ से काफी कम है। संवेदक के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि पथ की वर्तमान स्थिति अच्छी है। उड़नदस्ता दल द्वारा भी PQC की भौतिक स्थिति अच्छी पाई गई है।

उक्त के आलोक में पथ के 5वें कि०मी० में कराये गए Cement Concrete Pavement कार्य की पुनः जाँच कराने का निर्णय लिया गया।

ह0/–
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कृ०पृ०उ०

Speed Post
E-mail

ज्ञापांक– प्र०–7/कार्रवाई–05–09/2025– /पटना, दिनांक...............................

**प्रतिलिपि** :– संवेदक Vidyarthi Construction Private Limited., H/O-Netaji Nand Vihar, Mithanpura Colony, Po-Ramna, Muzaffarpur, Bihar-842002, E-mail- msyrcon@yahoo.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–09/2025– /पटना, दिनांक..................

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/आयुक्त एवं सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/ जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ऊर्जा विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–09/2025– /पटना, दिनांक..............................

**प्रतिलिपि** :– सभी मुख्य अभियंता, (रा०उ०पथ उपभाग सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०पथ प्रमंडल सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–09/2025– 5101 (E) /पटना, दिनांक 23/3/26

**प्रतिलिपि** :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)।

D:\Neha Sinha\2012 ka New Folder\Sumit kumar\Blacklisting\Vidyarthi Construction\Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. 30.03.2026.docx

(3)